रोज़गार मेला और कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल

प्रधानमंत्री ने रोज़गार मेले के तहत 71,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान करने के कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ किया।

- प्रधानमंत्री ने सरकारी विभागों में नई नियुक्तियों के लिये डिज़ाइन किये गए एक विशेष ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स **'कर्मयोगी प्रारंभ'** का भी शुभारंभ किया है।

रोज़गार मेले के मुख्य बिंदु:

- रोज़गार मेला देश के युवाओं को रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिये केंद्र सरकार की एक पहल है।
- रोजगार मेला योजना के तहत सभी उम्मीदवारों के लिये ग्रुप A और B राजपत्रित पदों, और ग्रुप B गैर राजपत्रित तथा समूह C गैर राजपत्रित पदों पर आवेदन करने के लिये 10 लाख नौकरियाँ उपलब्ध होंगी।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय (MHA) भी विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में बड़ी संख्या में भर्ती करेगा।

कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल:

- कर्मयोगी प्रारंभ मॉड्यूल मिशन कर्मयोगी कार्यक्रम के तहत एक पहल है, यह सिविल सेवा क्षमता निर्माण के लिये एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है (NPCSCB)।
- यह मॉड्यूल विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्त सभी अधिकारियों के लिये एक ऑनलाइन उन्मुखीकरण पाठ्यक्रम है।
- इसमें **सरकारी कर्मचारियों के लिये एक आचार संहिता,** कार्यस्थल नैतिकता और अखंडता, मानव संसाधन नीतियाँ तथा अन्य लाभ एवं भत्ते शामिल होंगे जो उन्हें नीतियों के साथ अनुकूल होने और नई भूमिकाओं के निर्वहन में सहायक होंगे।
- **इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लोगों के हितों का ध्यान रखते हुए सिविल सेवा संचालित करना है** जो सभी परिवर्तन का केंद्र है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rozgar-mela-and-karamyogi-prarambh-module